सत्यमेव जयते
Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7168	26.12.2022	28.12.2022	Sawai Madhopur Rajasthan	www.hindi.asianetnews.com/Hindi https://hindi.asianetnews.com/rajasthan/sawai-madhopur-news-more-than-400-people-admitted-in-hospital-due-to-food-poisoning-asc-rni6ck
Title:	**More than 400 people admitted in hospital due to food poisoning in Sawai Madhopur, Rajasthan**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU – Sawai Madhopur, SSU- Rajasthan			

राजस्थान के सवाई माधोपुर शहर से बड़ी खबर सामने आ रही है। जिले के गंगापुर सिटी इलाके में एक धार्मिक आयोजन में खाना खाने के बाद लोगों की तबीयत बिगड़ना शुरू हो गई(food poisoning)। घटना की जानकारी मिलने के बाद हेल्थ डिपार्टमेंट की टीम के साथ ही पुलिस टीमें भी मौके पर मौजूद है और पूरे घटनाक्रम की जांच पड़ताल की।

धार्मिक आयोजन के बाद भोज में शामिल हुआ पूरा गांव

मिली जानकारी के अनुसार आज यानि सोमवार की दोपहर में गंगापुर सिटी में स्थित नौगांव इलाके में एक परिवार के यहां धार्मिक आयोजन था। धार्मिक आयोजन में परिवार के सदस्यों के साथ ही आसपास के कई गांवों के लोग जमा हुए थे। दोपहर से भोजन प्रसादी का वितरण शुरू किया गया था। साथ ही परिवार के लोग भी खाना खा रहे थे। शाम 4:00 बजे से लोगों की तबीयत बिगड़ना शुरू हो गई।

मरीजों में बच्चों और महिलाओं की संख्या सबसे ज्यादा

उसके बाद गंगापुर सिटी और आसपास के कस्बों में स्थित सरकारी अस्पतालों में लोगों को भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि गंगापुर सिटी के अस्पताल में करीब 40 से ज्यादा लोगों को भर्ती कराया गया है। जिनमें अधिकतर बच्चे हैं। इसके अलावा आसपास के कई अन्य सरकारी और निजी अस्पताल में भी लोगों को भर्ती कराया गया है। इनमें भी बच्चे और महिलाओं की संख्या ज्यादा है। हेल्थ डिपार्टमेंट की टीम ने भी मौके से खाने की सैंपल जुटाए हैं।

भोज में बना था कढ़ी बाजरा, स्वास्थ्य विभाग ने लिए सैंपल

धार्मिक आयोजन में बाजरा और कड़ी बनाया गया था। इसका ही भोग लगा था और उसे प्रसादी के रूप में वितरित किया गया था। सैंपल लेने के साथ ही जो कड़ी बाजरा बाकी बचा उसे भी छुड़वा दिया गया (health department)। इस घटनाक्रम के बाद पूरे गांव में हड़कंप मचा हुआ है। अधिकतर लोगों को पेट दर्द और उल्टी की शिकायत है। 4:00 बजे के बाद से अस्पतालों में बीमारों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054

For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029

Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in

Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921

https://twitter.com/MSVC1